


हिन्दी साप्ताहिक

# श्रम शिखर

सकारात्मक- सूचनात्मक उपयोगी समाचार

shramshikhar@gmail.com
shram shikhar
shramshikhar.co.in
shramshikhar.in

प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981
डाक पंजीकरण संख्या–मेरठ 153–2025–2027
RNI No. UPHIN/2009/31760

श्रीकृष्ण भवन 283, वैस्टर्न कचहरी रोड, (अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स) मेरठ। फोनः 0121–2641338

ई-पेपर के लिए क्लिक करें

वर्ष 18 अंक 02 विक्रम संवत 2082 माघ कृष्ण षष्ठी से माघ कृष्ण एकादशी तक 08 जनवरी बृहस्पतिवार से 14 जनवरी बुधवार 2026 तक कुल पृष्ठ 04 निःशुल्क



# डिजिटल हाजरी से डर रहे हैं UP के शिक्षक !, यू.पी सरकार

## क्या सही है या गलत, यूपी सरकार का फैसला

संवाददाता- श्रम शिखर टीम

संभल के डी.एम ने एक सरकारी शिक्षक को सस्पेंड कर दिया है !डी.एम जब स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे और शिक्षक का फोन चेक किया तो,
1 घंटा 17 मिनट कैंडी क्रश
26 मिनट फोन कॉल
11 मिनट गूगल सर्च
6 मिनट YOUTUBE
5 मिनट INSTAGRAM
शिक्षक पढ़ाने की जगह लगातार 3 घंटे से फोन चला रहा था। इतना ही नहीं जब डीएम ने टीचर द्वारा चेक की गई कॉपियों को दोबारा देखा तो छह पेज में 95 गलतियां पकड़ी गईं। इसको लेकर डीएम ने शिक्षक को फटकार लगाई और तुरंत ही सस्पेंड कर दिया। तो इसलिए डिजिटल हाजरी से डर रहे हैं यूपी के शिक्षक ! संभल के डी.एम. ने एक सरकारी शिक्षक को सस्पेंड कर दिया है ! क्ड जब स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे और शिक्षक का फोन चेक किया तो रू 1 घंटा 17 मिनट कैंडी क्रश 26 मिनट फोन कॉल 11 मिनट गूगल सर्च 6 मिनट YOUTUBE 5 मिनट INSTAGRAM शिक्षक पढ़ाने की जगह लगातार 3 घंटे से फोन चला रहा था। इतना ही नहीं जब डीएम ने टीचर द्वारा चेक की गई कॉपियों को दोबारा देखा तो छह पेज में 95 गलतियां पकड़ी गईं। इसको लेकर डीएम ने शिक्षक को फटकार लगाई और तुरंत ही सस्पेंड कर दिया।





**कार्यालयः जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सम्भल।**

पत्रांकः–बे०शि०/ 2685–90/2024–25. दिनांकः– 10 जुलाई, 2024

**कार्यालय ज्ञाप/निलम्बन आदेश**

जिलाधिकारी महोदय, सम्भल द्वारा आज दिनांक 10.07.2024 को अपराह्न 01:50 बजे कम्पोजिट विद्यालय शरीफपुर, विकास खण्ड सम्भल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय निम्न स्थिति पायी गई–

- विद्यालय में कुल 101 छात्र–छात्राएं नामांकित है, जिनके सापेक्ष मात्र 47 छात्र–छात्राएं ही उपस्थित पाये गये, जो नामांकन के सापेक्ष अतिन्यून है।
- विद्यालय कुल 05 शिक्षक श्री प्रदीप कुमार इं०प्र०अ०, श्री प्रेम गोयल स०अ०, श्री सचिन कुमार स०अ०, श्री राजीव कुमार स०अ० एवं श्री अरविन्द कुमार धनानिया स०अ० कार्यरत हैं। इनके अतिरिक्त 02 शिक्षा मित्र श्रीमती विकी एवं श्रीमती गीतांजली कार्यरत है। निरीक्षण के समय समस्त स्टाफ उपस्थित पाया गया।
- निरीक्षण के समय औचक रुप से श्री प्रेम गोयल, स०अ० का मोबाइल डिजिटल माध्यम से चेक करने पर पाया गया कि उनके द्वारा विद्यालय समय में लगभग 02 से 02:30 घण्टा मोबाइल चलाया गया है जिसमें से निम्नलिखित विवरणानुसार 01 घण्टा 17 मिनट Candy Crush Saga Game खेला गया, 26 मिनट फोन पर वार्ता की गई, 17 मिनट फेसबुक चलाया गया, 11 मिनट Google Chrome, 08 मिनट ActionDash, 06 मिनट YouTube, 06 मिनट Diksha, 05 मिनट Instagram, एवं 03 मिनट Read Along ऐप चलाया गया है। उपरोक्त समस्त में से मात्र Diksha & Read Along App ही विभागीय App हैं।

Wed, Jul 10

Wed, Jul 10

- उपरोक्तानुसार विद्यालय समय में विभागीय ऐप के अतिरिक्त मोबाइल ऐप चलाने से स्पष्ट है कि श्री प्रेम गोयल द्वारा विभागीय/उच्चाधिकारियों के आदेशों की स्पष्ट अवहेलना की जा रही है तथा विद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के भविष्य के प्रति खिलवाड़ किया जा रहा है।

## यूपी पुलिस भर्ती के लिए अभ्यर्थियों को बड़ी राहत, योगी सरकार

# 32 हजार 679 पदों के लिए आयु सीमा में 3 वर्ष छूट

संवाददाता, श्रम शिखर टीम

योगी आदित्यनाथ सरकार ने उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती के लिए बड़ा ऐलान किया है। 32 हजार 679 भर्ती के लिए राज्य सरकार ने आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट की घोषणा कर दी है. इस संबंध में समाजवादी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी ने मांग की थी। सीएम योगी के निर्देशों पर दिए गए इस फैसले से 32,679 पदों पर पुलिस भर्ती में अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिली है। बताया गया कि यूपी पुलिस व जेल विभाग की सीधी भर्ती में आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट मिलेगी, इसमें आरक्षी, पीएसी, विशेष सुरक्षा बल, महिला बटालियन, जेल वार्डर शामिल है।

कुल 32,679 पदों पर भर्ती के लिए सभी वर्गों को आयुसीमा में छूट दी गई है, इस संदर्भ में यूपी सरकार ने शासनादेश जारी कर दिया गया है. मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि – फैसला अभ्यर्थियों के हित में लिया



गया है। यूपी पुलिस भर्ती के लिए अभ्यर्थियों को बड़ी राहत, योगी सरकार ने आयु सीमा में दी 3 वर्ष की छूट। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा 32 हजार 679 पदों के लिए निकाली गई भर्ती में आयु सीमा में छूट का ऐलान किया है. इस संदर्भ में शासनादेश में भी जारी कर दिया गया है।

### यूपी पुलिस आयु सीमा बढ़ाने के आदेश में क्या कहा गया?

उत्तर प्रदेश द्वारा अभ्यर्थियों के हितों के दृष्टिगत सम्यक् विचारो उपरान्त उप्र पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 के अन्तर्गत अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाने विषयक समसंख्यक विज्ञप्ति दिनांकित 31.12. 2025 के अनुक्रम में शासनादेश संख्या–1/1194447/6–1001(008)24/23, दिनांक 05. 01.2026 के द्वारा आरक्षी ना०पु० (पुरुष/महिला), आरक्षी पीएसी / सशस्त्र पुलिस (पुरूष), आरक्षी विशेष सुरक्षा बल (पुरूष), महिला बटालियन हेतु महिला आरक्षी, आरक्षी घुड़सवार पुलिस (पुरूष), जेल वार्डर (पुरुष) एवं जेल वार्डर (महिला) के कुल 32679 रिक्त पदों को भरने में उक्त सीधी भर्ती के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में सभी वर्गों के लिए अपवाद स्वरूप एक बार के लिए 03 वर्ष का शिथिलीकरण प्रदान किये जाने के निर्णय लिया गया है। इस मामले में सपा चीफ अखिलेश यादव, बीजेपी नेता और विधायक शलभमणि त्रिपाठी समेत कई जन प्रतिनिधियों ने सीएम योगी को पत्र लिखकर, आयु सीमा में छूट की मांग की थी।


कीड़ा जड़ी
(हिमालय का वायग्रा)

जानकारी के लिए सम्पर्क करें
राघव गर्ग 7406716330
कमला ज्वैलर्स
निकट नन्दन सिनेमा, गढ़ रोड, मेरठ

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक
श्रम शिखर
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com

Meerut
City Classified

EDUCATION
शिक्षा कार्य- शिक्षा संबंधित जानकारियों और विभिन्न कोर्सो के विज्ञापन हेतु आवश्यकता/उपलब्धता



## हैल्थ के लिए महत्वपूर्ण जानकारी

आज स्वास्थ्य होगा सही, तो कल जीवन भी सुखमय

# हड्डियों से कट–कट की आवाज आती है तो तुरंत खाना शुरू कर दें ये 4 चीजें।

क्या आपको कभी अचानक चलने, उठने और बैठने से घुटनों, कूल्हे और कोहनी की हड्डियों की कट–कट की आवाज आई है? क्या यह हड्डियों से जुड़ी किसी गंभीर बीमारी के लक्षण हैं? बहुत से लोगों को लगता है कि इस प्रकार की आवाज आने का मतलब है कि हड्डियां कमजोर हो चुकी हैं। कई बार लोग इसे जोड़ो से जुड़ा रोग समझ लेते हैं। हम आपको बता रहे हैं कि हड्डियों में आने वाली इस तरह के आवाज का क्या मतलब है और इसके क्या नुकसान हैं।

**जोड़ों में इसलिए आती है आवाज**– जोड़ों से आने वाली आवाज को मेडिकल भाषा में क्रेपिटस कहा जाता है। क्रेपिटस सामान्य लोगों के जोड़ों को हिलाने–डुलाने पर आने वाली ध्वनि का मेडिकल नाम है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि जोड़ों के भीतर रहने वाले द्रव में हवा के छोटे बुलबुले फूटते हैं। इन्हीं बुलबुलों के फूटने से यह आवाज पैदा होती है। कई बार जोड़ों के बाहर मौजूद मांसपेशियों के टेंडन या लिगामेंट्स की रगड़ से भी आवाज सुनाई देती है।

**ऑस्टियोआर्थराइटिस का संकेत**– बच्चों की हड्डियों में आने वाली आवाज से न डरें अगर किसी बच्चे या किशोरावस्था में हड्डियों से कट–कट की आवाज आ रही है और उसकी हड्डियों में कोई दर्द या परेशानी का अनुभव नहीं हो रहा है तो परेशानी की कोई बात नहीं है। इसका मतलब यह नहीं कि बच्चे की हड्डियां कमजोर हैं या उसके शरीर में कैल्शियम की कमी है। हड्डियों से कट–कट की आवाज आने का मतलब है कि उसकी हड्डियों में वायु अधिक है। इस वजह से हड्डियों के जोड़ों में एयर बबल्स बनते हैं। और टूटते हैं। जिसकी वजह से हड्डियों से कट–कट की आवाज आती है।




**हड्डियों की आवाज से ऐसे पायें छुटकारा–**

**मेथी का दाने**–अगर आपको अक्सर यह समस्या होती है, तो जैसा हमने बताया यह गठिया का या हड्डियों के जोड़ों में लुब्रिकेंट की कमी का संकेत हो सकते हैं। इसलिए इससे समय पर राहत पाना बहुत जरूरी है। इसके लिए आप कई घरेलू उपाय ट्राई कर सकते हैं। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए रात को आधा चम्मच मेथी दाना पानी में भिगो दें और सुबह मेथी दानों को चबा–चबा कर खाएं। उसके बाद पानी पी लें। इससे हड्डियों के बीच एयर बबल्स की समस्या खत्म हो सकती है। दूध, गुड़ और चने कई बार आवाज आने के मतलब हड्डियों के जोड़ों में लुब्रिकेंट की कमी का संकेत हो सकता है। अक्सर देखा जाता है कि ज्यादा उम्र के लोगों की हड्डियों से कट–कट की आवाज आती है और दर्द होता है। इससे छुटकारा पाने के लिए और कैल्शियम की पूर्ति के लिए हल्दी वाले दूध का सेवन जरूर करें। इसके अलावा दिन में एक बार गुड़ और भुने हुए चने जरूर खाएं। इससे हड्डियों की कमजोरी दूर हो जाएगी।

*श्रम शिखर हैल्थ टीम*

# रात को सिर्फ 1 लौंग खाने से 6 दिनों में ऐसे लाभ से आप हैरान रह जाएंगे।

लौंग में यूजेनॉल होता है, जो साइनस और दांत दर्द जैसी स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज में मदद करता है। लौंग की प्रकृति गर्म होती है। इसलिए, सर्दी और खांसी के मामले में लौंग खाना या इससे चाय बनाकर पीना फायदेमंद होता है। यदि आप लौंग के तेल का उपयोग कर रहे हैं, तो इसे नारियल के तेल के साथ मिलाकर उपयोग करें ताकि इसका गर्म प्रभाव आपकी सेहत को नुकसान न पहुंचाए। लौंग जीवन्तता के कोशिकाओं को पोषण देती है। इसी कारण, लौंग तपेदिक और बुखार में एंटीबायोटिक के रूप में काम करती है। यह रक्त शुद्धिकर और कीटाणुनाशक है। लौंग में मुंह, मुंह और पेट में रहने वाले सूक्ष्म जीवाणुओं और सड़न को रोकने की विशेषताएं होती हैं।

**असली लौंग की पहचान**

दुकानदार बेची जाने वाली लौंग में तेल मिलाते हैं। यदि लौंग में शिकनें हैं, तो समझ लें कि यह वह लौंग है जो तेल से निकाली गई है। इसे न खरीदें। कई प्राकृतिक औषधियाँ लौंग से बनाई जाती हैं। आज हम आपको बताएंगे कि एक लौंग कितनी अद्भुत होती

**रात में लौंग के 7 फायदे**

**श्वसन संक्रमण से राहत**– लौंग एक प्राकृतिक दर्द निवारक है और कीटाणुओं से भी बचाती है। लौंग गले में खराश को दूर करने में मदद करती है।

**पाचन सुधार**– लौंग उल्टी, दस्त, आंतों में गैस और पेट दर्द को कम करने में मदद करती है। बस थोड़ा सावधान रहें क्योंकि लौंग बहुत मजबूत होती है, इसका अधिक सेवन आपको परेशान कर सकता है।



**पेट की गैस**– 2 लौंग को पीसकर आधे कप उबलते पानी में डालें। फिर इसे ठंडा होने पर पिएं। इस प्रयोग को दिन में 3 बार करने से पेट की गैस में राहत मिलेगी।

**दांत दर्द से राहत**– आप दर्द वाले दांत या अपने मसूड़ों पर थोड़ा लौंग का तेल कपास की मदद से लगाकर दर्द को कम कर सकते हैं। इसके अलावा, यह संक्रमण को भी कम करेगा।

**सूजन कम करना**– दर्द वाले मांसपेशियों की मालिश के लिए लौंग के तेल का उपयोग करें, इससे आपको जल्दी राहत मिलेगी।

**घावों का उपचार**– लौंग बहुत मजबूत होती है, घावों का इलाज करने के लिए, थोड़ा लौंग का तेल जैतून के तेल में मिलाकर घाव पर लगाएं, यह घाव को ठीक करने में मदद करेगा।

**लौंग के 12 अन्य अद्भुत लाभ**– पाचन संबंधी समस्याएँ– 10 ग्राम लौंग, 10 ग्राम सूखी अदरक, 10 ग्राम काली मिर्च, 10 ग्राम पीपल, 10 ग्राम अजवाइन को अच्छे से पीसकर इसमें 1 ग्राम काला नमक मिलाएं। इस मिश्रण को एक स्टेनलेस स्टील की बर्तन में रखें और ऊपर नींबू का रस डालें। जब यह सख्त हो जाए, तो इसे छाया में सुखाएं और सुबह और शाम को

चक्कर आना– सबसे पहले, दो लौंग लें और इन लौंगों को दो कप पानी में उबालें, फिर इस पानी को ठंडा कर के चक्कर आ रहे मरीज को दें, इससे चक्कर आना रुक जाएगा।

गठिया– लौंग, भुनी हुई बबूल, अलुवा और काली मिर्च को 5 ग्राम प्रत्येक को पीसकर घीगवार के रस में मिलाएं और चने के आकार की गोलियाँ बनाकर छाया में सुखाएं। फिर सुबह और शाम को एक गोली लेने से गठिया ठीक होता है।

कब्ज– 10 ग्राम लौंग, 10 ग्राम काली मिर्च, 10 ग्राम अजवाइन, 50 ग्राम लाहौरी नमक और 50 ग्राम मिश्री को पीसकर नींबू के रस में मिलाएं। जब सूख जाए, तो

**पीठ दर्द**– पीठ दर्द के अलावा, लौंग के तेल से मालिश करने से शरीर के अन्य अंगों का दर्द भी राहत मिलती है। इसके तेल से मालिश स्नान करने से पहले की जानी चाहिए।

**दांत के कीड़े**– दांत के खोखले में लौंग के तेल में भिगोया हुआ कपास का गोला रखें। इससे दांतों का सड़ना खत्म होता है और दर्द कम होता है।

*श्रम शिखर हैल्थ टीम*

# बुजुर्गों की इस बात के पीछे कई कारण छिपे नाखून काटने का शुभ दिन

**नाखून काटने का दिन**

सप्ताह के अलग–अलग दिन नाखून काटना हमारे जीवन पर अलग–अलग असर होता है।

**सोमवार**– इस दिन नाखून काटना अच्छा होता है। इसका संबंध भगवान शिव, चंद्रमा और मन से जोड़ा गया है.

**मंगलवार**–इस दिन में नाखून काटने की मनाही मंगलवार को नाखून काटने से कर्ज से राहत मिलती है। जो लोग हनुमान जी के लिए मंगलवार को व्रत रखते हैं, वह नाखून काटने से बचें

**बुधवार**– नाखून काटने के लिए बुधवार का दिन शुभ होता है। इस दिन नाखून काटने से धन लाभ होता है. करियर में उन्नति होती है. व्यापार में भी कमाई बढ़ती है

**गुरुवार**– इस दिन लोग नाखून काटने से मना करते हैं, जबकि इस दिन नाखून काटने सत्व गुण बढ़ता है..

**शुक्रवार**– शुक्रवार का दिन नाखून काटने के लिए सबसे शुभ माना गया है. ऐसा करने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं. जीवन में धन–दौलत, समृद्धि, सौंदर्य बढ़ता है. रिश्ते मजबूत होते हैं।

**शनिवार**– इस दिन नाखून नहीं काटना चाहिए. इससे शनि देव नाराज होते हैं. कुंडली में शनि कमजोर होता है. शनिवार को नाखून काटने से मानसिक, शारीरिक कष्ट होते हैं। धन हानि के योग बनते हैं.

**रविवार**– रविवार को नाखून काटना अशुभ माना गया है। रविवार को नाखून काटने से जातक का आत्मविश्वास घटता है, सफलता में बाधा आती है. सेहत पर बुरा असर पड़ता है। लिहाजा रविवार छुट्टी का दिन है इसलिए नाखून –बाल काटने का काम रविवार को करने की गलती ना करें।

*श्रम शिखर टीम*

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com

Meerut City Classified

+HEALTH+
स्वास्थ्य संबन्धित जानकारी और विभिन्न रोगों के उपचार हेतु विज्ञापन आवश्यकता/उपलब्धता




आज और अभी से

नए मनुष्य का युग-दर्शन

भगवान रजनीश.....

# क्या मनुष्य भगवान श्री रजनीश को समझने को तैयार है ?

मैं भगवान श्री रजनीश का शिष्य नहीं हूं। मैं किसी भी गुरु का शिष्य नहीं हूं। बल्कि मैं तो मानता हूं। जिस प्रकार का व्यक्तिवादी होने का मैं दावा करता हूं उसके साथ गुरत्व का थोडा–सा भी मेल नहीं बैठता। लेकिन हां, यदि मुझे अपनी आत्मा किसीको सौंपनी ही हो तो मैं किसी राजनैतिक पार्टी या किसी मनोविश्लेषक की बजाय भगवान श्री रजनीश जैसे किसी को सौंपना चाहूंगा।

तो, मैं कोई संन्यासी नहीं हूं। लेकिन जब कोई हरी बयार मेरे द्वार–दरवाजों को झकझोर जाए तो उसे पहचानने की क्षमता जरुर रखता हूं, और भगवान श्री रजनीश तो वह प्यारी–सी आंधी हैं जो इस ग्रह को अपनी चपेट में लेते हुए रबाइयों और पोपों की टोपियां उडा रही है, ब्यूरोक्रेट्स की मेजों पर पडे झूठ के पुलिंदों को तितर–बितर कर रही है, शक्तिशालियों की घुडसालों में अफरा–तफरी मचा रही है, रुग्ण नैतिकतावादियों की धोतियां खोल रही है, और आध्यात्मिक रुप से मरे हुओं को वापस जिंदा कर रही है।

भगवान श्री रजनीश नाम का यह तूफान कोई झूठ–मूठ के आश्वासन नहीं देता। वे कोई सांप का तेल नहीं बेच रहे। वे न तो आपके दांतो को मजबूत करने के लिए कोई मंडला देते हैं और न ही आपको करोडपति बनाने के लिए कोई मंत्र देते हैं। अध्यात्म के बाजार में सब नियमों को उन्होंने ताक पर रख दिया है। उनके इस ताजातरीन रवैये ने उन्हें मनुष्य के इतिहास की सबसे मजबूत संगति में ला बैठाया है। भगवान श्री रजनीश के पास लोभ, भय, अज्ञान और अंधविश्वास से लिप्त मानव प्रजाति के देने के लिए कुछ अधिक मौजूं है रू उनका ब्रह्मांडीय व्यंग।

मेरे अनुसार, भगवान श्री रजनीश ने जो किया है वह है हमारे नकाबों को भेद डालना, हमारे भ्रमों को ध्वस्त कर देना, हमें हमारी अंधी लतों से निकालना, और सबसे महत्वपूर्ण तो हमें चेताना कि स्वयं को बहुत गंभीरता से लेकर कैसे हम स्वयंको ही सीमित कर लेते हैं। परम आनंद की ओर उनका मार्ग हमारे अहंकार को मजाक में उडाता हुआ जाता है। हां, बहुत से लोगों को यह मजाक समझ में नहीं बैठता। मजाक तो उनके सिर के ऊपर से निकल जाता है, लेकिन कहीं गहरे में वे यह जरूर महसूस करते हैं कि भगवान श्री रजनीश के संदेश में उनके लिए कुछ खतरनाक है।

नहीं तो एक आकेले भगवान श्री रजनीश को ऐसी प्रताडना के लिए वे क्यों चुनते जैसी उन्होंने किसी बनाना रिपब्लिक के तानाशाह या किसी माफिया डॉन को भी न दी होती? अगर रोनाल्ड रीगन का बस चलता तो वह इस कोमल से शाकाहारी को व्हाइट हाउस के दालान में सूली पर लटकाना देना पसंद करता।

उनको जिस खतरे का अहसास होता है वह यह है कि भगवान श्री रजनीश के शब्दों में जो छिपा है, उसे यदि पूरी तरह से समझ लिया गया तो नर–नारीयां उनके नियंत्रण से मुक्त हो जाएंगे। लेकिन स्वतंत्रता एक शक्तिशाली शराब जैसी है। इसे पीने वालों को इसके नशे के साथ समायोजन बिठाने में समय लगता है। कुछ लोग–जिनमें भगवान श्री रजनीश के कुछ संन्यासी भी होंगे–––यह समायोजन कभी नहीं बिठा पाते। संसार में कितने ही लोग हैं जिन्होंने कई प्रकार की स्वतंत्रताओं की बात की है, लेकिन बार–बार देखा है कि लोग अपनी स्वतंत्रता को संभाल नहीं पाते।

भगवान श्री रजनीश का अनुसरण करने वाले कितने लोग स्वतंत्र हो पाते हैं, और कितने उस स्वतंत्रता को संभाल पाते हैं यह देखा जाना अभी बाकी हैश। इतिहास को देखें और मनुष्य नाम के पशु की जडता को देखें तो लगता तो ऐसा है कि उसकी भ्रष्ट उदासीनता को तोडने के लिए एक करुणामय मनीषी की गैरपारंपरिक प्रज्ञा से भी अधिक शायद यह जरूरी हो कि यह मनुष्यता पूरी समाप्त हो और फिर से शुरू हो। खैर, वह हो कि न हो, लेकिन भगवान श्री रजनीश की प्रज्ञा हमें उपलब्ध है। उनकी अंतर्दृष्टि हमें उपलब्ध है और हम चाहें तो अपने मुखौटों के पार देख सकते हैं। इस अंतर्दृष्टि में ताकत है कि वह परिणाम की परवाह किए बगैर अभिव्यक्त हो सकती है। इस अंतर्दृष्टि में प्रेम भी है और नटखट शरारत भी। यह भगवान श्री रजनीश की जीवंतता है कि वे सारे भौतिक सुविधाओं को खुलकर जीते भी हैं और फिर उन्हीं में अटके रह जाने के खतरे से भी चेताते हैं। श्जोरबा दि बुध्दा की इस अंतर्दृष्टि को हम समझ लें, तो सब समझ गए।

स्वभावतय जिन पत्रकारों ने भगवान श्री रजनीश पर शोध की है उनमें से अधिकांश उनके तरीकों, उनके संदेश और उनकी उलटबांसियों को समझ ही नहीं पाए। यहां तक कि उनके क ई अनुयायी भी विबूचन में पड गए। खैर, यह कोई नयी बात नहीं है।

जीसस, बुध्द और सुकरात भी केवल राजनैतिक–धार्मिक सत्ताओं द्वारा ही नहीं अपने कई शिष्यों द्वारा भी गलत समझे गए थे। यह शायद इस मार्ग का नियम ही है। इसीलिए तो झेन में कहते हैं, श्गुरु सदा सडक पर मार दिया जाता है।श शायद अकसर तो उनके ही द्वारा जो उसे प्रेम करने का दावा करते हैं। जब भी भगवान श्री रजनीश के किसी शिष्य ने कुछ आपत्तिजनक किया है तो मीडिया व जनता ने भगवान श्री रजनीश पर इलजाम लगाया है। वे यह नहीं समझ पाते कि भगवान श्री रजनीश उन्हें नियंत्रित नहीं करते, और न ही ऐसा उनका कोई इरादा रहा है। ऊपर से किसी द्वारा किसीको नियंत्रित करने का प्रयास उनके संदेश के विपरीत जाता है।

जब भी भगवान श्री रजनीश के नाम पर कोई मूढता की गई है, उन्होंने अपना सिर झटककर केवल इतना कहा है, ''मुझे पता है वे थोडे बुद्धू हैं, पर उन्हें इससे गुजरना पडेगा।'' इतनी स्वतंत्रता, इतनी सहिष्णुता को समझ पाना तो मानव अधिकारों की माला जपने वालों के लिए भी उतना ही मुश्किल है जितना कि किसी जडबुद्धि के लिए।

लेकिन उस बाह्य व्यक्ति की भांति जो अभिभूत है कि किस प्रकार भगवान श्री रजनीश ने जीवन की गहनता को मस्ती दे दी है, मैं जानता हूं कि यदि हमें उस गंदगी से बाहर निकलना है जिसमें अपनी शक्ति की भूख और मालकियत की प्यास के चलते हम इस सुंदर ग्रह को ले आए हैं, तो हमें भगवान श्री रजनीश को समझना ही होगा।

**!डॉ. जॉर्ज मेरेडिथ**



सकारात्मक-सूचनात्मक उपयोगी समाचार
प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981
E-Paper : shramshikhar.com
केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, उत्तर प्रदेश विद्युत विभाग एवं भारतीय रेलवे से विज्ञापन हेतू स्वीकृत डाक-पंजीकरण संख्या मेरठ 153-2025-2027
**RNI No. UPHIN/2009/31760**
साप्ताहिक अखबार श्रम शिखर, श्रीकृष्ण भवन (अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स), 283/1, वैस्टर्न कचहरी रोड़, मेरठ
मो. 9219660359
**प्रधान सम्पादक** : सुनीता रानी 9897373736
**प्रबन्धक** : राकेश गुप्ता 9219660359
**बिक्री प्रबन्धक** : अश्विनी गुप्ता 9258402365
**इंटरनेट प्रबन्धक** : मेघा अग्रवाल 9219660359
**संरक्षक** : ब्रजभूषण 9457213164
**कानूनी सलाहकार** : दिनेश कुमार चतुर्वेदी एडवोकेट : 0121-2760145, 9720171549
**मार्केटिंग टीम** : 9219660359, 9411990449
वरिष्ठ नागरिक संयोजक
श्री सुदेश चन्द शर्मा पुत्र पं. होराम शर्मा
245 खारी कुआं कोतवाली, मेरठ 8630180430
**उ.प्र. ब्यूरो चीफ** : अभिलाष गुप्ता 9412203620
**प्रभारी दिल्ली एवं महाराष्ट्र** : मंजरी गुप्ता, 42, अनामिका अपार्टमेन्ट इन्द्रप्रस्थ विस्तार पटपड़गंज, नई दिल्ली-92
202, बाहर बिल्डिंग, दूरदर्शन हाउसिंग सोसाइटी गोकुल धाम, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई-63

**श्रम शिखर कार्यालय**

**मेरठ**–श्रीकृष्ण भवन, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ। (0121–2641338) सद्भावना 68ए सांईपुरम, दिल्ली रोड, मेरठ। (9219660359)
**उत्तराखण्ड** – श्री राजेश कुमार गुप्ता, श्री ओम वैष्णव भोजनालय, 78 गांधी रोड, देहरादून (9411548998)
**गाजियाबाद**– अमित कुमार, 705 सी टॉवर, सातवां तल, जी0एच0 1/1, सैक्टर 01, ग्रीन एक्सप्रेस, वैशाली गाजियाबाद,उ0प्र0 09560115905, (09540018282),
**दिल्ली**– राखी मित्तल–एफ–1, त्रिवेणी कॉम्पलेक्स शेख सराय फेस–1, न्यू दिल्ली–110017 मो0 9868511922
**हरियाणा**– राखी मित्तल, रीचमण्ड पार्क डीएलएफ, फेस–4, गुडगांव हरियाणा। मो0 9868511922
**मुजफ्फरनगर**– विजय बुक स्टोर, मेन रोड, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर। फोन: 9897185208, 9152911899
**दिल्ली**– **Ankit Sisodia GF - 89, Kailash Hills, East of Kailash, New Delhi-110065** श्रीमती रंजीता गर्ग, बी–120, शॉप नं.5, पांडव नगर दिल्ली मो. 9911808555
**लखनऊ**– अजय श्रीवास्तव, 3/20, विकास नगर लखनऊ फोन. 9335208218,
**मुम्बई**–अचल गुप्ता, बी– 1603 सनटैक सिटी, गोरेगांव वेस्ट मुम्बई–63 मो. 9920939916
**सरधना**–महेश गुप्ता, न्यूज पेपर एजेन्ट मौहल्ला –गुजरान,सरधना, मेरठ ।
**हैदराबाद** श्रीमति नेहा गोयल फ्लैट नं0 1207 गोमेड ब्लॉक ''माई होम जैवल'' मदीनागुड़ा हैदराबाद 500049

**डाक पंजीकरण संख्या–मेरठ**

**153-2025-2027**
**RNI No. UPHIN/2009/31760**
मालिक, प्रकाशक, मीना भूषण ने मुद्रक प्रिंटिंग – इम्प्रेशन्स प्रिंटिंग – पैकेजिंग लिमिटेड, 164/1, मोहकमपुर, दिल्ली रोड़, मेरठ– 250002 से मुद्रित कराकर श्रीकृष्ण भवन, गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड मेरठ से प्रकाशित किया।
**सम्पादक: सुनीता रानी**
**प्रबन्धक: राकेश गुप्ता**
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों एवं लेख के चयन एवं सम्पादन हेतु जी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तर दायी समस्त विवाद मेरठ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com

Meerut City Classified

BUSINESS
व्यापार परिचय- अपने व्यापार का विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु आवश्यकता/उपलब्धता

# हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर Mini CLASSIFIED

अवसर ढूंढ रहे है | जरूरत पूरी करें | पायें समाधान!

# Classified inter ACT

समाधान उपलब्ध

## अपने अनुसार किसी भी उत्पाद, वस्तु के लिए अपना शीर्षक चुनें।

### आवश्यकता

**Vinex bhalla international**

**आवश्यकता**

1. ASST. SECURITY OFFICER जोकि भूतपूर्व सैनिक (ना० सूबेदार/ सूबेदार) पद से सेवानिवृत्त हो।

2. गनमैन (बन्दूकधारी) की ड्यूटी के लिए, जिसे 2-3 वर्ष का कार्य अनुभव एवं लाइसेंस हो। (भूतपूर्व सैनिक को वरीयता दी जायेगी)

**BHALLA INTERNATIONAL**
A-1/1, UDYOG PURAM, PARTAPUR, MEERUT
PH: 0121-7196667, 2441111
Email: jobs@vinex.co.in

Vacancies for marketing Sales Executives, Computer Operator for Surgical Items.Contact :8077661662, 9719552227 Jplax Overseas, Meerut(U.P)

आवश्यकता- इलेक्ट्रॉनिक्स फेक्ट्री वास्ते ऑपरेटर्स की योग्यता डिप्लोमा/आई टी आई, (इलेक्ट्रॉनिक्स)/ इंटर, अन्य पद,क्लर्क, चपरासी व स्वीपर। फिल्म इलेक्ट्रॉनिक्स प्रा0 लि0 192 दिल्ली रोड रोडवेज के सामने मेरठ।

### उपलब्धता

**हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर**

क्या आप भी ढूढ रहे है या आपके पास उपलब्ध हैं, आपनी आवश्यकता के अनुसार आज ही अपना विज्ञापन प्रकाशित करायें। अधिक जानकारी कॉल करें।
9690331338
9219660359

**सूचना** सूचित किया जाता है कि तीन दुकाने जो सम्पत्ति नगर पालिका नं० 5 का भाग है, प्रत्येक रकबई 11.70 वर्ग मीटर, स्थित किठौर, तहसील मवाना, जिला मेरठ के स्वामी मौ० नईम खान, अब्दुल वाहिद व मुजैद खान, बजरिये विक्रय-पत्र दिनांक 22.03.1979 क्रमांक 1178 पंजीकृत सब-रजि० मवाना द्वारा थे। जिनके वारिसगण मोईन खान, मोहसीन खान आदि के द्वारा उक्त दुकानो को मौ० जावेद पुत्र अली मुहम्मद निवासी 528 रसूलाबाद ननपुर हापुड को विक्रय किया जाना प्रस्तावित है। उक्त मौ० जावेद उपरोक्त दुकानो के द्वारा पीरामल फाईनेन्स लिमिटेड से वित्तीय सहायता प्राप्त करके हेतु इच्छुक है यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उपरोक्त दुकानो के स्वामित्व अथवा प्रस्तावित वित्तीय सहायता के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो वह इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से सात दिन के भीतर निम्नलिखित मोबाईल नंबर पर सम्पर्क करके अपने आपत्ति या विरोध दर्ज करवा सकता है। इस अवधि के पश्चात कोई भी विरोध या आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी। मीना दीक्षित एडवोकेट, 88 लॉ चैम्बर बिल्डिंग, सिविल कोर्ट, मेरठ मो. 9412203251

### नाम-परिवर्तन

मैं, मुकुल शर्मा, पुत्र नीरज शर्मा, निवासी ई-82, शिव कुंज कॉलोनी, भोला रोड, मेरठ, उत्तर प्रदेश, ने अपना नाम मुकुल शर्मा से बदलकर मुकुल कर लिया है। भविष्य में मुझे मुकुल नाम से जाना जाएगा।

### सम्बन्ध-विच्छेद

मैं मुनेश देवी पत्नी कृष्ण वीर निवासी 22/2 पेपर मिल जसवंत नगर मलियाना मेरठ अपने पुत्र नीरज कुमार व पुत्रवधू गीता देवी मेरे व मेरे परिवार के साथ दुर्व्यवहार करने के कारण मैं अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद करती हूँ भविष्य में उनके किसी भी कृत्य व लेन देन के मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

### वैवाहिक

**हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर**

वैवाहिक के लिए आप भी वर/वधू ढुढ रहें, तो आज ही अपना विज्ञापन प्रकाशित करायें। अधिक जानकारी कॉल करें।
9690331338
9219660359

### वधू चाहिए

B'ful PQM 4 H'some Gupta Boy 34/ 5' 7"/ 2+ Cr MBA, Own film contant Production Business, well settled in Mumbai. NCR affulant Family. Share BHP 9219660359, 897373736

well educated girl for 86 born. handsome boy 5"8, vaisya, pure vegetarian, Engineer, job in Canada, no cast no bar. Send BHP WHatsapp 9837614225

### खरीदना-बेचना

मेरा मकान जिसका क्षेत्रफल 41.80 वर्गमीटर व रास्ता 10 फीट चौड़ा, मकान नंबर 6 संजय बिहार राजस्व ग्राम दत्तावली गेसूपुर में बिकाऊ है। संपर्क करें - संदीप कुमार 63955 90487

### पत्रकारिता

जागरण शिक्षा- पत्रकारिता की फ्री प्रैक्टिकल ट्रैनिंग प्राप्त कीजिए, सरकारी/प्राइवेट सर्विस पाइए। हिन्दी ग्रेजुएट युवजन (दोनों) सम्पर्क करें। थाना टी.पी. नगर, मेरठ मो. 8279 33 2112

### खोया-पाया

मेरी हाई स्कूल वर्ष 2016 अनुक्रमांक 0607415 व इंटर 2018 अनुक्रमांक 0488882 की मार्कशीट व सनद वास्तव में खो गए हैं शिवानी पुत्री श्री पुष्पेंद्र कुमार शिवपुरम, मेरठ।

मेरी B.Sc , 2017 की उपाधि वास्तव में खो गई है जिसका अनुक्रमांक B605550232 हैं। कु. तपस्या पुत्री श्री सतीश शर्मा, L-577 , गंगा नगर मो. 9457034521

**हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर Mini CLASSIFIED**

अपने प्रोपर्टीज, मकान, दुकान, प्लॉट आदि के मुफ्त विज्ञापन प्रकाशित तथा डायरेक्ट पार्टी से

सम्पर्क सूत्र
मो. 9219660359

**R.R. ADVERTISING SERVICES MEERUT**
YOUR CONVENIENCE IS OUR PRIORITY
We value your time and Book Advertisement at
For More Details Contact
E-mail & Call Us
rradvertisingmeerut.com
rradvertisingmeerut@gmail.com
9690331338
9219660359

**हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर**

विज्ञापन बुकिंग हेतु विभिन्न प्रकार

- बुटीक
- एकेडमिक
- हॉबी क्लासेस
- मोटर ड्राइविंग
- बवासीर/फिशर
- चिकित्सा
- नशा छुडवायें
- गैर रिहायशी
- भूमि/भूखण्ड
- वाहन संबंधी
- मशीनरी
- पालतू जानवर
- बालों का झड़ना
- कद बढ़ाएं
- व्यक्तिगत सूचना
- इन्वर्टर/बैट्री
- मोबाइन/सेलफोन
- वैवाहिक सेवाएं
- लघु उद्योग
- टीचर्स/शिक्षक
- वर्कर/रोजगार
- सेल्स/मार्केटिंग
- ऑफिस जॉब्स
- सिक्योरिटी
- कम्प्यूटर ऑपरेटर
- कॉल सेंटर
- फिल्म इंडस्ट्री
- तकनीकी
- मेडिकल
- होटल/रेस्त्रां
- अकाउंटेंट
- हाउसकीपिंग
- ड्राइवर

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
M. 92196 60359

**FRIZZON**
TRAVEL | EVENTS | FILMS
Domestic & International
Tour and Travel Agency

Services
- Flight Booking
- Visa Assistance
- Travel Insurance
- Baggage Guidance
- Hotel Booking
- Cruise Booking
- Car-Rental...

Your journey, made simple and stress-free
SCAN Now! More Information
☎ 0121-2641338, 8266023450
Booking Now! Meerut | Mumbai | Delhi
booking@frizzontravel.com www.frizzontravel.com

- RECRUITMENT
- NOTICE
- PROPERTY
- BUSINESS
- MATRIMONIAL
- EDUCATION
- SHOPPING
- LOST- FOUND

Helpline 9690331338
rradvertisingmeerut.com
rradvertisingmeerut@gmail.com

**R.R. ADVERTISING SERVICES**
NEWSPAPER
FOR ADVERTISEMENT
SERVICES
OUTDOOR
PRINT
EVENTS
SIGNAGE
FILM
DIGITAL MEDIA
MEDIA INTERNATIONAL

THE TIMES OF INDIA | Hindustan Times | hindustantimes | हिन्दुस्तान
THE HINDU | अमर उजाला | पंजाब केसरी | दैनिक जागरण | NBT नवभारत टाइम्स

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com

Meerut City Classified

**MATRIMONIAL**
वैवाहिक परिचय- वैवाहिक विज्ञापन में कार्य समूह और जन्मपत्री के साथ वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मिलान